मुख्य विकास अधिकारी/जिलाधिकारी, महोदय।

कृपया जल जीवन मिशन कार्यक्रम "हर घर नल" उपलब्ध कराने के क्रम में पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु सूचीबद्ध फर्म मेसर्स मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा 14 ग्राम पंचायतों की 14 नग पेयजल योजनाओं एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा०लि०, J/V ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा०लि० द्वारा 128 ग्राम पंचायतों की 100 नग पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की दिनांक 20.12.2022 की बैठक में नियमानुसार सक्षम स्तर से स्वीकृति/संस्तुति हेतु विचार विमर्श किया गया। फर्मों द्वारा 142 नग ग्राम पंचायतों के 114 नग विस्तृत प्राक्कलन की स्वीकृति/संस्तुति के क्रम में 05 करोड़ से कम लागत के 106 नग प्राक्कलनों को जनपद स्तर पर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा स्वीकृत करते हुए एवं 05 करोड़ से अधिक लागत के 02 नग प्राक्कलनों को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा संस्तुति/स्वीकृति करते हुए जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को अग्रसारित की सूचना एवं प्राक्कलन की प्रति को अधिशासी निदेशक, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित किये जाने वाली कार्यवृत्त का आलेख दाहिनी ओर टंकित है, कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

23.12.22

अधिशासी अभियन्ता,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
बलरामपुर।

24/12/2022
CDO

24/12

जिलाधिकारी
बलरामपुर

CamScanner

**जल जीवन मिशन–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत दिनांक 20.12.2022 को जिलाधिकारी महोदय, बलरामपुर की अध्यक्षता में जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु डी0डब्ल्यू0 एस0एम0, बलरामपुर को प्रस्तुत किये गये प्राक्कलन (डी0पी0आर0) परीक्षण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बलरामपुर के बैठक का कार्यवृत्त।**

जल जीवन मिशन कार्यक्रम–"हर घर नल से जल योजना" के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के माध्यम से जलापूर्ति उपलब्ध कराये जाने के लिए जनपद–बलरामपुर हेतु नामित एजेन्सी– मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई द्वारा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण हेतु डी0डब्ल्यू0एस0एम0, बलरामपुर को प्रस्तुत किये गये 14 ग्राम पंचायतों के 14 नग प्राक्कलन जिसमें 18 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, (J/V) द्वारा 128 ग्राम पंचायतों के 100 नग प्राक्कलन जिसमें 150 राजस्व ग्राम सम्मिलित हैं को परीक्षण हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन बलरामपुर की बैठक दिनांक 20.12.2022 को जिलाधिकारी कार्यालय, बलरामपुर में आयोजित की गई। जिसमें समिति के निम्नलिखित सदस्यों एवं नामित एजेन्सी के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर।
2. जिला विकास अधिकारी, बलरामपुर।
3. मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर।
4. जिला कृषि अधिकारी, बलरामपुर।
5. जिला सूचना अधिकारी, बलरामपुर।
6. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
8. अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड–प्रथम, बलरामपुर।
9. जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई, बलरामपुर।
10. परियोजना प्रबन्धक मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
11. जनपदीय टीम लीडर, मे. सेन्सिस टेक लि. (टी.पी.आई.)।

सदस्य सचिव द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन समिति को अवगत कराया गया कि, जनपद हेतु सूचीबद्ध कार्यदायी फर्म मे. लारसेन एण्ड टूब्रो, माउन्ट पूनमल्ली रोड, मनपक्कम, चेन्नई द्वारा प्रेषित 14 नग योजनाओं के प्राक्कलन जिससे 14 ग्राम पंचायतें/18 राजस्व ग्राम एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रा0लि0, J/V ईको प्रोटेक्शन इन्जीनियरिंग प्रा0लि0 द्वारा प्रेषित 100 नग योजनाओं के प्राक्कलन जिससे 128 ग्राम पंचायतें/150 राजस्व ग्राम पेयजल से आच्छादित होंगे, के विस्तृत प्राक्कलन जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर के माध्यम से उपलब्ध कराये गये है। प्राप्त प्राक्कलनों में फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो के जनपद स्तर पर स्वीकृत होने वाले 13 नग प्राक्कलन हैं, जिसमें से 7 नग प्राक्कलन की लागत 5 करोड़ से कम एवं प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से कम हैं एवं 06 नग प्राक्कलनों की लागत 5 करोड़ से कम तथा प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से अधिक है। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन स्तर पर स्वीकृत होने वाले 01 नग प्राक्कलन जिसकी प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से कम हैं, इसी प्रकार फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग के जनपद स्तर पर स्वीकृत होने वाले 99 नग प्राक्कलन हैं, जिसमें से 65 नग प्राक्कलन की लागत 5 करोड़ से कम एवं प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से कम हैं एवं 34 नग प्राक्कलनों की लागत 5 करोड़ से कम तथा प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से अधिक है। जिसकी स्वीकृति/स्वीकृति हेतु शासनादेश संख्या 36/2021/1599/ छिहत्तर–1–2021–25सम /2019 दिनांक 08.07.2021 के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में किया जाना प्रस्तावित है।

CS CamScanner

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा 23 नग एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग द्वारा 31 नग प्राक्कलनों में नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ.प्र. शासन लखनऊ के शासनादेश संख्या 51/2021/1883/छिहत्तर–1– 2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 एवं शासनादेश सं0 के शासनादेश संख्या 53/2021/2774 /छिहत्तर –1–2021–25सम/2019 दिनांक 25.10.2021, में दिये गये दिशानिर्देशों का अनुपालन करते हुए पेयजल योजनाओं के डी0पी0आर0 तकनीकी परीक्षण हेतु खण्ड कार्यालय को उपलब्ध कराये गये। जिसके क्रम में खण्ड कार्यालय द्वारा तकनीकी परीक्षण किया गया। तकनीकी परीक्षण में प्राक्कलन शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के निर्देशों का अनुपालन फर्मों से कराते हुए समस्त प्राप्त प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर द्वारा प्रदान की गयी। शासनादेश संख्या 51/2021/1883/ छिहत्तर–1– 2021–25सम/2019 दिनांक 06.08.2021 में दिये गये निर्देशों के अनुपालन में फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये कुल 114 नग प्राक्कलन में से प्रति व्यक्ति लागत रू0 7000 से अधिक लागत के प्राक्कलनों का स्थलीय निरीक्षण कराते हुए एवं प्रस्तुत प्राक्कलनों के तकनीकी परीक्षण में परिलक्षित आवश्यक संशोधन फर्म से कराते हुए समस्त प्राप्त प्राक्कलनों की तकनीकी स्वीकृति मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर द्वारा प्रदान की गयी।

आयोजित बैठक में 114 नग पेयजल योजनाओं के विस्तृत प्राक्कलनों पर स्वीकृति हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के समस्त सदस्यों से विचार विमर्श किया गया। जिस पर समस्त सदस्यों द्वारा फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो द्वारा प्रस्तुत एकल ग्राम एवं बहुल मजरे के 5 नग प्राक्कलनो में प्रति एफ0एच0टी0सी0 लागत रू0 50000 से अधिक एवं बहुल ग्राम एवं बहुल मजरे के 1 नग प्राक्कलन में प्रति एफ0एच0टी0सी0 लागत रू0 65000 से अधिक होने के कारण प्राक्कलनो का स्थलीय निरीक्षण कराते हुये एवं कारणों का स्पष्ट उल्लेख करते हुये समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया शेष समस्त 108 नग प्राक्कलनो पर सदस्यों द्वारा कोई आपत्ति व्यक्त नहीं की गयी। जिसके उपरान्त जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अध्यक्ष एवं समिति सदस्यों द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में जनपद स्तर/राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ स्तर पर योजनाओं की स्वीकृति/संस्तुति इस आशय के साथ प्रदान की गयी कि फर्म द्वारा उपलब्ध कराये गये 108 नग प्राक्कलन की ग्राम पंचायत स्तर से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त करें कि, सम्मिलित ग्राम पंचायतों के समस्त मजरे प्राक्कलन में सम्मिलित हैं एवं प्राक्कलन ग्राम पंचायत की आवश्यकता के अनुरूप बनाया गया है। अध्यक्ष/उपाध्यक्ष महोदय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार बैठक में स्वीकृत/संस्तुति 108 नग प्राक्कलनों को अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर के माध्यम से प्राक्कलनों की प्रति शासन को प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)।**

सदस्य सचिव द्वारा अवगत कराया गया कि, जनपद में कार्य कर रही दोनों फर्मों को निर्धारित कुल लक्ष्य 720 ग्राम पंचायतों की पेयजल योजनाओं के जलकल परिसर की भूमि आवंटन की कार्यवाही के क्रम में वर्तमान तक 692 ग्राम पंचायतों में भूमि आवंटित कर दी गयी हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो की अवशेष 07 ग्राम पंचायतों में एवं फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग की अवशेष 31 ग्राम पंचायतों में भूमि प्राप्ति की अपेक्षित कार्यवाही हेतु दोनों फर्मो को निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायतों को आपस में जोड़ते हुए प्राक्कलन विरचन हेतु कितने भूमि की आवश्यकता होगी, उक्त के सम्बन्ध में आगामी 02 दिवस में अवगत कराना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम को निर्देशित किया गया कि दोनों फर्मों से प्राप्त सूची पर भूमि प्राप्ति हेतु समस्त कार्यवाही पूर्ण कराने एवं ग्राम पंचायत में भूमि प्राप्त न होने पर समीपस्थ ग्राम पंचायत में भूमि प्राप्त कर प्राक्कलन विरचन की कार्यवाही पूर्ण करायें।

**कार्यवाही– अधि0 अभि0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/अपर जिलाधिकारी/समस्त उप जिलाधिकारी/ मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0/मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।**

सदस्य सचिव द्वारा फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि राज्य स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृत समिति से 100 नग प्राक्कलन (सम्मिलित 151 नग राजस्व गांव) प्राप्त हो चुकी है। फर्म द्वारा 84

CS CamScanner

नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध निष्पादित कराकर 68 नग योजनाओं पर लगभग 500 मैन पावर लगाते हुए कार्य कराये जा रहे हैं, जिससे मात्र औसतन 100 नग गृह संयोजन प्राप्त हो रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि लगभग 2000 मैन पावर लगाते हुए जनपद हेतु निर्धारित एफ0एच0टी0सी0 के लक्ष्यों को प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

सदस्य सचिव द्वारा फर्म मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि राज्य स्तरीय प्राक्कलन स्वीकृत समिति से 168 नग प्राक्कलन (सम्मिलित 214 नग राजस्व गांव) प्राप्त हो चुकी है, जिसके सापेक्ष मात्र 47 नग योजनाओं के त्रिपक्षीय अनुबन्ध निष्पादित कराते हुए 27 नग योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा दोनों फर्मो को निर्देशित किया गया कि समस्त स्वीकृत योजनाओं की योजनावार कार्य योजना तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराते हुए कार्य कराना सुनिश्चित करें। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो की धीमी प्रगति तथा मेसर्स दारा इंजीनियरिंग द्वारा त्रिपक्षीय अनुबन्ध निष्पादित न कराये जाने एवं कार्यो की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी की ओर से पत्र प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

**कार्यवाही– अधि0 अभि0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मेसर्स दारा इको प्रोटेक्शन जे0वी0/ मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो।**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में निर्मित की जाने वाली पेयजल योजना के कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक कराने हेतु राज्य पेयजल एवं स्वचछता मिशन द्वारा जनपद हेतु नामित थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेन्सी के रूप में कार्य कर रही एजेन्सी मेसर्स सेन्सियस टेक लिमिटेड द्वारा जनपद में कराये जा रहे कार्यो पर विचार विमर्श किया गया । जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि, जनपद में निर्माणाधीन समस्त पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो को गुणवत्तापूर्वक कराने हेतु प्रतिदिन स्थलीय निरीक्षण संस्था के सदस्यों द्वारा किया जाये एवं उक्त निरीक्षण आख्या का अनुपालन कार्यदायी फर्मो से कराते हुए योजना के प्रत्येक कार्यो में तदानुसार गुणवत्ता सुनिश्चित की जाये। साथ ही निर्देश दिये गए कि कार्यस्थल पर पायी गयी कमियों एवं कराये गये निराकरण की अनुपालन रिपोर्ट मय फोटोग्राफ के साथ प्रत्येक बैठक में प्रतिभाग करें।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/मेसर्स सेन्सियस टेक लिमिटेड।**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि, जल जीवन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत "हर घर नल से जल" उपलब्ध कराने हेतु जनपद की ग्राम पंचायतों में पेयजल योजनाओं के दृष्टिगत जन जागरूकता, सामुदायिक भागीदारी, नियोजन, गुणता नियंत्रण एवं संचालन अनुरक्षण प्रबन्धन इत्यादि कार्यो के लिए नामित समस्त 07 इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सियों के वर्तमान तक किये गये कार्यों एवं शेष की जाने वाली कार्यवाही से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया। जिस पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सियों को निर्धारित क्लस्टर अन्तर्गत शासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अन्य फेज़ के अन्तर्गत की जाने वाली समस्त गतिविधियों को समयान्तर्गत पूर्ण कराने एवं अधिशासी अभियन्ता को इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सियों के प्रथम फेज के भुगतान हेतु निर्देश दिये गये।

**कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/समस्त इम्पलीमेन्टेंशन सपोर्ट एजेन्सी।**

बैठक के अन्त में मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा जल जीवन मिशन अन्तर्गत जनपद में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं यथा– आई0एस0ए0, टी0पी0आई0, डी0पी0एम0यू0 को उनके द्वारा कराये जाने वाले कार्यो को शासन/प्रशासन द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुसार निष्पादित कराने के निर्देश दिये एवं जनपद की सूचीबद्ध फर्म मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो एवं मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग को अवशेष ग्राम पंचायतों के प्राक्कलन शासन द्वारा निहित निर्देशों का अनुपालन करते हुए यथा शीध्र तैयार कर तकनीकी परीक्षण हेतु कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे अवशेष ग्राम

CS CamScanner

पंचायतों में पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन विरचन उपरान्त निर्माण की कार्यवाही भी समय से सुनिश्चित की जा सके।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(संजीत कुमार कटियार)
अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता भुगर्भ जल
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

अधिशासी अभियन्ता
सरयू नहर खण्ड–प्रथम
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला कृषि अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

प्रभागीय वन अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

जिला विकास अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

22.12.2022

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
(सदस्य)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
बलरामपुर।

मुख्य विकास अधिकारी,
(उपाध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन
बलरामपुर।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बलरामपुर।

पत्रांक : 1355 /यो0-1 /894 दिनांक- 26/12/2022

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता, देवीपाटन मण्डल, उ.प्र. जल निगम, गोण्डा।
4. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बलरामपुर।
5. समस्त उप जिलाधिकारी, बलरामपुर।
6. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स लारसेन एण्ड टूब्रो, बलरामपुर।
7. परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स दारा इन्जीनियरिंग जे0वी0 इको प्रोटेक्शन, बलरामपुर।
8. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, बलरामपुर।

26.12.22
अधिशासी अभियन्ता

CS CamScanner